सार-समाचार

फ्रेशर पार्टी का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय के संघटक कम्प्यूटर साईंस एण्ड इन्फोरमेशन टेक्नोलॉजी के छात्र छात्राओं की ओर से बुधवार को महाविद्यालय के सभागार में आयोजित 'फ्रेशर पार्टी लोगान 2022 ' का शुभारंभ कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, निदेशक डॉ. मंजू मांडोत, भंवर लाल गुर्जर, डॉ. भारत सिंह देवड़ा ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर किया। फ्रेशर पार्टी का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। छात्राएं जब स्टेज पर गायन और डांस पर अपनी प्रस्तुतियॉ दी तो उन्होने उपस्थित छात्राओं को झुमने पर मजबूर कर दिया। सर वर पानी भरवा जाउ सा नजर लग जाए , म्हारा छेल कंवर, चुंदड जयपुर से मंगवाई, अखियों से गोली मारू जैसी एक से बढकर एक फिल्मी, राजस्थानी, पंजाबी गानों पर शानदार डांस कर उन्होने समा बांध दिया। बॉलीवुड के साथ ही हॉलीवुड सांग पर भी खूब मस्ती हुई, इस दौरान फैशन के भी कई रंग देखने को मिले। इंडियन और वेस्टर्न ड्रेस का फ्यूजन देखते बन रहा था, छात्राओं ने इस दौरान बता दिया कि फैशन के मामले में वे भी किसी से कम नहीं है। कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे में आगे बस उन्हे बढावा देने की। महिला शिक्षा को बढावा देने के लिए केन्द्र व राज्य सरकार की अनेक योजनाए चल रही है, छात्राओं का आव्हान किया कि वे इन योजनाओं को आम जन तक पहुचांये। उन्होने कहा कि अपने परिवार को संबंधों को भी खराब न होने दे और उन्हें संभाल कर रखे। प्रो. मंजू मांडोत ने बताया कि फ्रेशर पार्टी में बीसीए की जय वैष्णव मिस्टर, कोमल को मिस फ्रेशर का ताज पहनाया गया। दिवेश जैन, कुशी सुथार रनरअप रहे। पीजी में साहिल उपाध्याय मिस्टर, वंदना मिस फ्रेशर का ताज पहनाया गया। देवेन्द्र सिंह, कृष्णा सुथर रहनअप रहे। निर्णायक की भूमिका डॉ. गौरव गर्ग, डॉ. भरत सुखवाल, किशन सिंह राव, रीना मेनारिया ने अदा की।

चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। शहर के भुपालपुरा थाना पुलिस ने स्कूटी से नकदी चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार। प्रकरण के अनुसार अमरनगर सज्जनगढ रोड़ निवासी अमित पुत्र गणपतलाल सोनी ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि गत 16 जुलाई को मेरे मित्र नरेश के साथ गिरवी रखी सोने के जेवरात छुडाने के लिए 2 लाख 7 हजार रूपये नकदी लेकर आईआई एफ एल सैक्टर 11 गया। खाता एनपीए होने से नरेश नकदी लेकर यूनिर्वसीटी रोड रामजी स्वीट्स के पीछे स्कूटी खडी कर डिकी में रूपये रख कर कार्यालय चला गया। कुछ समय बाद अन्य चाबी नरेश को देकर डिकी से नकदी निकालने का कह कर मित्र नीतेश के साथ चला गया। कुछ समय बाद डिकी से नकदी गायब हो गई। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर भुपालपुरा थानाधिकारी हनवंतसिंह सौढा के नेतृत्व में गठित दल ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों केआधार पर डीटी हॉल खटीकवाड़ा निवासी देवेन्द्र चौहान पुत्र भगवती चौहान, टीडी निवासी राहुल मीणा पुत्र लक्ष्मण मीणा को गिरफ्तार किया।

शादी का झांसा देकर नकदी हड़पी

उदयपुर, (कासं)। खेरवाड़ा थाना पुलिस ने युवती व साथियों के खिलाफ धोखे से शादी करवा नकदी व जेवरात की ठगी करने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित खांडी ओवरी नीचला फला निवासी मुकेश कुमार पुत्र अमृतलाल ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि मेरिज ब्यूरों संचालिका द्वारका नगर अहमदाबाद निवासी रमा उर्फ रमिला की मदद से आरोपी हिम्मतनगर निवासी निशा पुत्री अमृतलाल के साथ शादी करवाई। इस दौरान निशा की दादी कोकीला, मामा दिनेश व साथ में थे। आरोपियों को 5 लाख रूपये का भुगतान किया तथा सोने चांदी के जेवरात देकर 21 मार्च 2022 को आरोपी निशा पुत्री से शादी हुई। पांच दिन रहने के बाद आरोपी घर से गई जो आज दिन तक नहीं लौटी। इस पर संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

प्रांतीय सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के धौलपुर में आगामी 25 व 26 नवंबर को होने वाले प्रांतीय सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन बुधवार को हुआ। विमोचन के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक उदयपुर आशा मांडावत व अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मुरलीधर चौबीसा, प्रधानाचार्य फतह चेतन पानेरी एवं समस्त स्टाफ, एकीकृत प्रदेश मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया, प्रदेश उपाध्यक्ष भारत भूषण जोशी,यशवंत पांडे, महिला मंत्री रेनू कुमावत, संदीप वंदना आमेटा, शारीरिक शिक्षक संघ के गोवर्धन सिंह झाला, राजस्थान प्राथमिक और माध्यमिक संघ उदयपुर के जिलाध्यक्ष दर्जन सिंह सिसोदिया एवं समस्त पदाधिकारी गण, व्याख्यातागण मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी आसोलिया ने बताया कि दो दिवसीय सम्मेलन में शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं एवं मुद्दों पर विचार मंथन किया जाएगा तत्पश्चात राज्य सरकार को प्रस्ताव बनाकर प्रेषित किए जाएंगे।

दुष्कर्म का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। शादी करने का झांसा देकर पीडिता के साथ दुष्कर्म करने वाले विवाहित आरोपी के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी निम्बाहेडा सविना निवासी शाहबाज पुत्र रियाज मोहम्मद के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि चार वर्ष से आरोपी से परिचय था। डेढ वर्ष पूर्व आरोपी ने होटल में लेजाकर मेरे साथ दुष्कर्म किया तथा कुछ समय बाद उसके विवाह हुआ। शादी कर घर लेकर आया तो पता चला कि आरोपी शादीशुदा है । इसका विरोध करने पर आरोपी ने पीडिता को घर से निकाल दिया।

टाउन वेंडिंग कमेटी के लिए नाम घोषित

उदयपुर, (कासं)। ठेला व्यवसाई मजदूर यूनियन (सीटू से संबंधित) ने नगर निगम में टाउन वेंडिंग कमेटी के होने वाले चुनाव के लिए दस ठेला व्यवसाईयो के नाम घोषित किए सीटू के सचिव हीरालाल सालवी ने बताया कि सीटू के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद राजेश सिंघवी की अध्यक्षता में शीराली भवन में ठेला व्यवसाई मजदूर यूनियन की हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। सिंघवी ने बताया कि घोषित किए गए नाम में गुमान सिंह राव, नीमनाथ, मो. निजाम, धर्मेंद्र कुमावत, रानू सालवी, मोहनी माली, रानी वाली, महेंद्र खटीक, मो. शाहिद एवं बंशीलाल चौहान है। हीरा लाल सालवी ने बताया कि नगर निगम उदयपुर में 25 सदस्यीय टाउन वेडिंग कमेटी का गठन किया जाना है जिसमें 10 सदस्य ठेला व्यवसाई होंगे।

योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग करें बैंक : कलैक्टर

उदयपुर, (कासं)। जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने बैंकों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में कहा कि बैंक प्रशासन के साथ समुचित समन्वय स्थापित कर सरकार द्वारा दुर्बल तबकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने में सहयोग करें ताकि योजनाएं सफल हो सकें। जिला कलेक्टर बुधवार को विभिन्न बैंकों के अधिकारियों के साथ जिला स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कलेक्टर ने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की बारीकी से समीक्षा की।

कलेक्टर ने जनजाति क्षेत्र में सीताफल की मार्केटिंग का प्रभावी प्लान बनाने हेतु भी अधिकारियों को निर्देशित किया जिससे कि किसानों की आय वृद्धि हो सके। जिला परिषद सीईओ मयंक मनीष ने पंचायतों में कार्य कर रहे बैंक बीसी की प्रभावी मोनटरिंग करने के लिए सभी बैंकों को निर्देश दिए। बैठक में एलडीएम राजेश जैन, डीडीएम नाबार्ड शशि कमल, आरबीआई के ईजीएम धर्मेन्द्र काछवा, एसबीआई के ईजीएम अभिषेक सिंह, लीड बेंक से मोहन झाकड सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

उदयपुर में बैंकों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक को जिला कलैक्टर (बीच में) ने संबोधित किया।

जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने कृषि ऋण, केसीसी, फार्म मैकेनाइजेशन, डेयरी सहित अन्य प्रकार के कृषि ऋणों से अधिकाधिक कृषकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा वार्षिक साख योजना 2022-23, प्रगतिशील कृषकों का सम्मेलन करवाने, कृषक गोष्ठी, कृषि योजनाओं से प्रचार प्रसार आदि को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने मेगा क्रेडिट कैंप, इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट योजना, साख जमा अनुदान, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना, अमृता हाट, मुद्रा लोन, आरसेटी द्वारा किए जा रहे कार्य, प्रधानमंत्री जन धन खातों की प्रगति, स्टैंड अप इंडिया, रोडा एक्ट के वसूली आदि को लेकर विस्तार से समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए।

एनसीसी स्थापना दिवस पर एकता दौड़ आयोजित

उदयपुर, (कासं)।एनसीसी के 75वें स्थापना दिवस पर राज नेवल एनसीसी यूनिट के तत्वावधान में 23 नवम्बर को फतहसागर पर एकता दौड आयोजित की गई जिसमें स्थानीय इकाईयों के एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया।

इकाई के कमान अधिकारी कमाण्डर राजेन्द्र कुमार ने बताया कि एकता दौड का शुभारंभ एनसीसी समुह के ग्रुप कमाण्डर कर्नल भास्कर चक्रवती ने हरी झंडी दिखाकर किया गया। दौड में ग्रुप मुख्यालय उदयपुर के 5 युनिट के कुल 375 केडेट्रस ने भाग लिया। 7.5 किलोमीटर लंबी इस दौड में राज नेवल सीनियर डीविजन से दिनेश सिंह व सीनियर विंग से भुमिका पँवार एवं जुनियर डीविजन से हार्दिक टाँक जुनियर विंग से काजल सोनी प्रथम स्थान पर रहे। 10 राज आर्मी सीनियर डीविजन से उत्सवराज सिंह व सीनियर विंग से पुनम देवडा एवं जुनियर डीविजन से हितेश व जुनियर विंग से दिव्या राठौड प्रथम स्थान पर रहे। 6 राज एयर सीनियर डीविजन से प्रवीण विश्वकर्मा व सीनियर विंग से उदितांशु राणावत एवं जुनियर डीविजन से मनोज आंजना व जुनियर विंग से डिम्पल मेवाडा प्रथम स्थान पर रहे। 2 राज आरएण्डवी सीनियर डीविजन से ललित जनवा व सीनियर विंग से हेमलता पँचावत एवं जुनियर डीविजन से शुभम राव व जुनियर विंग से रोशनी प्रथम स्थान पर रहे। 5 राज गर्ल्स आर्मी सीनियर विंग से एवं जुनियर विंग से प्रथम स्थान पर रहे।

उदयपुर में राज नेवल एनसीसी यूनिट के तत्वावधान में फतहसागर पर एकता दौड़ आयोजित हुई।

प्रशिक्षण सम्पन्न

बांसवाड़ा, (निसं)। स्वयं सेवी संगठन कट्स मानव विकास केन्द्र की ओर से राउप्रावि पलोदरा में पोषण वाटिका विषयक दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। कट्स के कार्यक्रम अधिकारी मदनलाल कीर ने बताया कि कट्स की ओर से संचालित प्रोस्कोप परियोजना के तहत आयोजित प्रशिक्षण के दुसरे दिन उद्यान विभाग के कृषि पर्यवेक्षक हरीश सोलंकी नें संदर्भ व्यक्ति के रूप में पोषण वाटिका में सब्जी लगाने की प्रक्रिया एवं देखभाल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उद्यान विभाग की ओर से संचालित ड्रीप सिंचाई, फव्वारा एवं बागवानी योजना के बारे में जानकारी देते हुए अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने के लिए प्रेरित किया। पलोदरा के हेल्थ एण्ड वेलनेथ सेंटर की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सीता मईडा नें महिलाओं में होने वाली खुन की कमी को दूर करने के लिए दैनिक जीवनचर्या में सब्जिओं का अधिक उपयोग करने पर बल दिया। महिलाओं ने स्कूल के कीचन गार्डन में सब्जियां लगाकर डेमो दिया। स्महिलाओं को मिर्च, बेंगन, पालक एवं लोकी के बीज वितरीत कर अपने घर पर पोषण वाटिका लगाने का संकल्प दिलाया गया।

वेस्टर्न सिडनी विवि एवं एमपीयूएटी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

उदयपुर, (कासं)। महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर , राजस्थान एवं वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय के बीच नई दिल्ली के पांच सितारा होटल संगरिका ला में आयोजित कार्यशाला में मंगलवार शाम को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए।

समझौता ज्ञापन पर वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय के कुलपति की ओर से प्रो. बसंत महेश्वरी तथा एमपीयुएटी के कुलपति डॉ अजीत कुमार कार्नाटक ने हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर प्रोद्योगिकी एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ पी. के. सिंह तथा निदेशक आयोजना एवं परिवीक्षण डॉ महेश कोठारी ने भी साक्षी के रूप में हस्ताक्षर किया। एमपीयुएटी के कुलपति डॉ अजीत कुमार कर्नाटक ने इस समझोते को अभूतपूर्व बताते हुए कहा की इस माध्यम से हमारे विश्वविद्यालय के योग्य छात्र - छात्राओं को ऑस्ट्रेलिया की श्रेष्ठतम शिक्षण संस्थान में अध्ययन एवं शोध का अवसर मिलेगा। उन्होंने इसे द्विपक्षीय संस्थाओं के लिये लाभकारी बताया इससे दोनों देश के विधार्थियों को एक दूसरे की संस्कृति और आचार विचार को समझने का अवसर भी मिलेगा। उन्होंने कहा की इस समझोते की अवधी 5 वर्ष रहेगी जिसे आगे भी बढाया जा सकता है और यह समझोता इसी अकादमिक वर्ष से लागु हो जायेगा।

सी टी ए ई अधिष्ठाता डॉ पी. के. सिंह ने बताया की उन्होंने प्रो. बसंत महेश्वरी से लगातार पत्राचार कर सामझोता पत्र का मसोदा तैयार किया द्य इस समझोते के अंतर्गत वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय (डब्ल्यूएसयू) अपने यहाँ अभियांत्रिकी में पी एच डी करने वाले एमपीयुएटी के विद्यार्थियों को ऑस्ट्रेलिया आवास के दोरान प्रति वर्ष 30,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की छात्रवृत्ति प्रदान करेगा साथ ही उम्मीदवारों को परियोजना निधि भी प्रदान की जाएगी।

आकस्मिक व्यय के लिए उच्च लागत वाली परियोजनाओं में प्रति वर्ष 6,000 आ.डॉलर और कम लागत वाली परियोजनाओं के लिए न्यूनतम राशी प्रदान की जाएगीद्य उस अवधि के लिए एमपीयुएटी द्वारा छात्र को शुल्क, छात्रवृत्ति, प्रोजेक्ट फंडिंग या यात्रा सहायता प्रदान की जाएगी।

इसी प्रकार डब्ल्यूएसयू और एमपीयूएटी के बीच समझौता ज्ञापन के अनुसार, विज्ञान के विभिन्न विषयों में मास्टर ऑफ साइंस डिग्री हेतु 5 सीटों पर थीसिस वर्ष के लिए कोई डब्ल्यूएसयू छात्रवृत्ति वजीफा प्रदान नहीं किया जाएगा। 25 प्रति. छूट के साथ प्रवेश से पहले एक शिक्षण शुल्क निर्दिष्ट किया जाएगा।

डब्ल्यूएसयू उम्मीदवारों को अधिकतम 3000 आ.डॉलर परियोजना निधि प्रदान करेगा। डॉ सिंह ने बताया की मास्टर ऑफ साइंस में ड्यूल डिग्री प्रोग्राम के अंतर्गत 5 सीटों पर प्रतियोगिता के आधार पर ऑस्ट्रेलिया में अध्ययन के लिए एमपीयुएटी द्वारा छात्र को शुल्क, छात्रवृत्ति, प्रोजेक्ट फंडिंग या यात्रा सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही ऐसे विद्यार्थियों को डब्ल्यूएसयू द्वारा प्रतिवर्ष अधिकतम 6000० ऑस्ट्रलियन डॉलर छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी।

सार-समाचार

सारंगदेवोत का अभिनंदन किया

उदयपुर, (कासं)। पंडित जनार्दन राय नागर विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल एस.एस. सारंगदेवोत द्वारा विद्यापीठ में अमरचंद बडवा पीठ की घोषणा करने पर संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा उनका अभिनंदन किया गया। संस्थान के प्रो विमल शर्मा ने बताया कि विगत दिनो आयोजित नवीन कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह मे कर्नल सारंगदेवोत ने उक्त घोषणा की थी। अभिनंदन उदबोधन मे ले. ज. ऐन के सिंह के कहा कि विद्यापीठ द्वारा इस पहल से ऐक ऐसे मंच का निर्माण होगा जिसके द्वारा कई विभूतियों की समाज से पहचान कराई जा सकेगी। कर्नल सारंगदेवोत ने कहा कि विद्यापीठ हमेशां से महापुरुषों के योगदान को जन जन तक पहुचाने के लिये कटिबद्ध रहा है। शीध्र ही ऐक संगोष्ठी के आयोजन के साथ ही ठा. बडवा पीठ का विधिवत शुभारंभ किया जायेगा व इसके सुचारु संचालन व विस्तार मे सभी इतिहासकारों व प्रबुद्ध जनो की सहभागिता अपेक्षित रहेगी। जय किशन चौबे ने कहा कि मेवाड की कई लोग हे जिनका योगदान होते हुए भि इतिहास मे उचित उल्लेख नहीं हो पाया है। प्रो विमल शर्मा ने बताया कि संस्थान पन्नाधाय के सहयोगी कीरत वारी को पहचान दिलाने मे अग्रणी भूमिका अदा कर रही है। कर्नल सारंगदेवोत का सम्मान करने वालों के ले.ज.ऐन. के. सिंह, प्रो जी ऐल मेनारिया, प्रो गिरीशनाध माथुर, प्रो जे के ओझा, डा राजेन्द्र नाथ पुरोहित, प्रो विमल शर्मा, डा मनीष श्रीमाली, डा कुलशेखर व्यास, जयकिशन चौबे, जीएल शर्मा, इन्द्र सिंह राणावत, हाजी सरदार मो. मौजूद थे।

पाठ्यक्रम एवं सत्रांकों का निर्धारण

उदयपुर, (कासं)। मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय के सभी नियमिति पूर्व तथा स्वयंपाठी छात्रों की परीक्षा एवं सत्रांक का निर्धारण घोषित कियागया। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. आर सी कुमावत ने बताया कि विश्वविद्यालय अधिष्ठाता परिषद की बैठक के निर्णयानुसार सभी नियमित पूर्व तथा स्वयंपाठी छात्रों की परीक्षा फरवरी 2033 के अंतिम सप्ताह में प्रारंभ होना प्रस्तावित है। छात्रों के पाठ्यक्रम, प्रश्नपत्र प्रारूप, प्रायेगित परीक्षा काआयोजन व सत्रांक का निर्धारण हो चुका हैं । सभी पाठ्यक्रमों में सभी पांच ईकाई लागू रहेगी तथा प्रश्न कोविड-19 महामारी से पूर्व के वर्षो की भांति ही पूछे जाएंगे। खण्ड अ में प्रत्येक इकाई से दो प्रश्प पूछे जाकर कुल 10 प्रश्न पूछे जाएंगे तथा सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य होगा। खण्ड ब में प्रत्येक इकाईसे दो प्रश्नों मेसे किसी एक प्रश्प का चयन कर कुल पांच प्रश्नों को हल करना अनिवार्य होगा। खण्ड स में पांच प्रश्नों मेसे कोई दो प्रश्न हल करना होगा। बीए नियमित छात्र प्रथम वर्ष द्वितीय वर्ष तथा तृतीय एवं डिप्लोमा प्रमाण पत्र पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्म 26 नवंबर 2022 से 5 दिसंबर तक भरवाये जाएंगे।

दुष्कर्म के आरोपी को कारावास

राजसमंद, (निसं)। पोक्सो कोर्ट न्यायाधीश सुनील कुमार पंचोली ने नाबालिग बालिका के अपहरण एवं दुष्कर्म के मामले में आरोपी मुकेश कुमावत पुत्र भैरूलाल कुमावत निवासी सनवाड को 20 साल के कारावास एवं 43 हजार रुपये के अर्थ दण्ड का फैसला सुनाया है। विशिष्ट लोक अभियोजक राहुल सनाढ्य ने बताया कि 13 सितम्बर 2019 को परिवादी ने पुलिस थाना राजनगर में एक लिखित रिपोर्ट पेश की। जिसमें बताया कि उसकी पुत्री 12 सितम्बर 2019 को दोपहर में स्कूल से घर पर खाना खाने आई एवं दोपहर 1:30बजे वापस घर से स्कूल के लिए पैदल रवाना हो गई। दिन में 1:45 बजे उसे स्कूल से फोन आया कि उसकी पुत्री स्कूल में नहीं है, जिस पर वह स्कूल गया और उसकी पुत्री की तलाश की। लेकिन उसकी पुत्री नहीं मिली। उक्त रिपोर्ट पर पुलिस थाना राजनगर द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान किया गया जिसमें यह तथ्य आया कि घटना वाले दिन जब पीडिता खाना खाकर वापस स्कूल गई तो वहां पर आरोपी मुकेश आया और चाकू दिखाकर व धमकी देकर जबरदस्ती मोटरसाइकिल पर बिठाकर पीडिता को एक स्थान पर लेकर गया। जहां से आरोपी मुकेश पीडिता को एक कार में बिठाकार माउंट आबू लेकर गया। माउंट आबू में मुकेश पीडिता को एक होटल में लेकर गया जहां उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया।

वाहन जब्त

उदयपुर, (कासं)। अवैध खनन व निर्गमन को रोकने के लिए खान विभाग विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई जारी है। खनिज अभियंता पिंकराव सिंह विभाग के अतिरिक्त निदेशक खान महेश माथुर के निर्देशानुसार टीम द्वारा की गई कार्यवाही के तहत अवेध निर्गमन में एक वाहन जिसने खनिज क्वॉर्ट्स पाया गया।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मेरा नाम जया जोशी से परिवर्तित कर जया शर्मा कर रही हूँ। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावें

जया शर्मा पत्नी श्री मनीष जोशी
निवासीः 101 विट्ठल काम्प्लेक्स,
3 B न्यू फतेहपुरा,उदयपुर- 313 001

स्कूल गेट पर जड़ा ताला

राजसमंद, (निसं)। जिले के बडारडा स्थित राउमावि के विद्यार्थियों ने विद्यालय के गेट पर तालाबंद कर विरोध प्रदर्शन किया। बता दें कि विगत लम्बे समय से सम्बन्धित विषयों के शिक्षकों की कमी चल रही है। इसके कारण विद्यार्थियों को विद्यालय से बाहर आहर तालाबंदी कर मार्ग पर प्रदर्शन करना पडा। इस दौरान विद्यार्थियों के साथ स्थानीय लोग भी मौजूद रहे और विद्यालय के मुख्य द्वार पर ताला जडते हुए शिक्षा विभाग के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की बीच सडक पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों का कहना है कि हमारे विद्यालय में काफी समय से अंग्रेजी और कम्प्यूटर पढाने वाले शिक्षकों की कमी चल रही है। जिसके बारे में हमने हमारे हैड साहब को भी कई बार अवगत करवाया। लेकिन, हमारी समस्या पर अब तक ध्यान नहीं दिया गया। इसी के चलते आज हमें यह कदम उठाना पडा। प्रदर्शन के दौरान विद्यार्थियों के हाथों में तख्तियां नजर आई जिसमें साफ-साफ लिखा था कि टीचर नहीं तो पढाई नहीं। प्रदर्शन के दौरान स्कूल के विद्यार्थी ने बताया कि टीचर की कमी के चलते अभी तक कॉर्स पूरा नहीं हुआ है और हमारी परीक्षाएं भी नजदीक है। विद्यार्थी ने बताया कि हमारे विद्यलाय में मूलभूत सुविधा और खेल का भी पूरा अभाव है।

बांसवाड़ा में तीन दिवसीय अमृत यात्रा मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का हुआ समापन

उदयपुर, (कासं)। हम लोगों ने जिन कार्यो और परिवर्तनों के स्वप्न देखे थे, आज उनकी रचनात्मक पूर्ति का समय है। सरकार की इच्छाशक्ति और संकल्पशक्ति के कारण असंभव लगने वाले लक्ष्य भी अब पूर्ण हो रहे हैं। यह भारत के नवजागरण का समय है। हम सबको पूरी निष्ठा और लगन से देश को एक महाशक्ति बनाने के यज्ञ में अपने प्रयत्नों की आहुति देनी चाहिए।

यह उद्गार बांसवाड़ा पंचायत समिति के प्रधान बलवीर रावत ने व्यक्त किए। रावत केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय-डूंगरपुर, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से बांसवाड़ा में आयोजित अमृतयात्रा (इंडिया एट 2047) मल्टीमीडिया प्रदर्शनी के अंतिम दिन आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस अवसर पर मंच पर अचला रामसिंघल, जितेंद्र पंचोली, भगवती शंकर ठाकुर, मोहम्मद सोहेल रजा, भावना परमार, पवन राठौड नूतन दमणिया, हरीश शर्मा, संजीव शाह, सीडीपीओ नैना जैन, जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार उपस्थित थे।

बांसवाड़ा में अमृत यात्रा मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का समापन हुआ।

हरिदेव जोशी राजकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य सरला पंड्या ने कहा कि इस मल्टीमीडिया प्रदर्शनी में भारत के विकास के विभिन्न आयामों की जानकारी रोचक तरीके से प्रस्तुत की गई है। प्रारंभ में सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने इस मल्टीमीडिया प्रदर्शनी के आयोजन का उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए पिछले तीन दिनों के दौरान आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन क्षेत्रीय प्रचार सहायक नरेश कुमार ने किया।

इस अवसर पर राजकीय जनजाति महाविद्यालय कन्या आश्रम छात्रावास की छात्राओं ने गैर नृत्य तथा बागड़ लोक कला मंडल के कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। प्रदर्शनी के तीसरे दिन इस प्रदर्शनी के अवलोकन और इसमें आयोजित विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए दर्शकों का ताँता लगा रहा। आज प्रदर्शनी मे अंबेडकर छात्रावास, जीएनएम नर्सिंग कॉलेज, विद्या निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय मदारेश्वर, आदित्य पब्लिक स्कूल, लीयो स्कूल, एम जी एच नर्सिंग कालेज, बी वी बी स्कूल, अरावली महाविधालय, संजीवनी नर्सिंग कालेज, विधा भारती बाल मंदिर बीएड कालेज, जीएनएम ट्रेनिंग सेन्टर, त्रिपुरा नर्सिंग कालेज, भारती विधा मंदिर, डॉ नागेन्द्र लॉ कालेज, महावीर बीएड कालेज एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय सहित अनेक स्कूलों व कॉलेजों के विद्यार्थियों, महिला एवं बाल विकास विभाग की महिलाओं और महाविद्यालय के युवाओं ने में प्रदर्शनी का अवलोकन कर आयोजित विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया। प्रदर्शनी के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। इसके अलावा विभिन्न योजनाओं पर विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा मार्गदर्शन भी किया गया।

प्रारूप-10(नियम-6(7)देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपरिषद, राजसमन्द

सं.4874 **लोक सूचना** दिनांक:18.11.22

श्रीमती गंगा देवी पत्नी श्री शम्भुलाल कुमावत निवासी मुखर्जी चौराहा कांकरोली द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् -

क्र.सं.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
1.	राजसमंद	कांकरोली	238/2	रकबा 0.0243 हैक्टेयर भूमि आवासीय प्रयोजनार्थ।

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 18.11.2022 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त , नगरपरिषद, राजसमन्द

प्रारूप-10(नियम-6(7)देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपरिषद, राजसमन्द

सं.4982 **लोक सूचना** दिनांक:23.11.22

श्रीमती मधु अग्रवाल पत्नी श्री जगदीशचन्द्र अग्रवाल निवासी किशोरनगर हाल निवासी अग्रवाल मशनरी जलचक्की रोड़ भगवानदास मार्केट तहसील व जिला राजसमन्द द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् -

क्र.सं.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
1.	राजसमंद	घोईन्दा	1194/103	रकबा 0.0810 हैक्टेयर भूमि आवासीय प्रयोजनार्थ।

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक